rspcb

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
4, पर्यावरण मार्ग, संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
फोन न0 0141 - 5159607, 5159648, फेक्स नं0 0141 - 5159665

प्रेस विज्ञप्ति

जयपुर, 5 जून, 2014, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आमजन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं जनसहभागिता की भावना को जाग्रत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल एवं वन विभाग द्वारा अन्य विभागो के सहयोग से 5 जून, 2014 को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस- 2014 का प्रसंग ''**Raise your voice not the sea level**'' रखा गया है।

राजस्थान सरकार की नीति एवं प्रयासों के अनुरुप पर्यावरण संरक्षण एवं पारिस्थिकी तंत्र को और सुदृढ करने के उद्देश्य से पूरे राज्य मे जिला पर्यावरण समितियों के माध्यम से एवं आमजन के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इस वर्ष राजधानी जयपुर में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को प्रातः 6.30 बजे "रन फॉर एनवायरमेन्ट" तथा "साइकिल रैली" का आयोजन किया जा रहा हैं।

"रन फॉर एनवायरमेन्ट" रैली रामनिवास बाग स्थित चिड़ियाघर के पास से प्रारम्भ होकर न्यू गेट, चोड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, किशनपोल, अजमेरी गेट, एम.आई.रोड यादगार के सामने से होती हुई रामनिवास बाग के पश्चिम द्वार (एम.जी.डी. स्कुल के सामने) से रामनिवास बाग में प्रवेश होकर चिड़ियागर के पास पहुँच कर समाप्त होगी तथा " साईकिल रैली" रामनिवास बाग से प्रारम्भ होकर जे. एल. एन मार्ग होती हुई जयपुर डेयरी, सरस पार्लर पर समाप्त होगी। इन रैलियों में राज्य सरकार, स्थानीय प्रशासन, एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, सेना व पुलिस के जवान, एन.सी.सी. के कैड्टिस, भारत स्काउट एवं गाइड्स के छात्र-छात्राएं, अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के छात्र, एन.जी.ओ एवं आमजन भी इन रैलियों में सम्मिलित होगें।

श्रीमति अपर्णा अरोरा, अध्यक्ष राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल ने अवगत कराया कि इस अवसर पर आयोजित ''रंन फॉर एनवायरमेंट'' तथा ''साइकिल रैली'' का उद्देश्य वन एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्द्धन को जन आन्दोलन बनाने हेतु चेतना जाग्रत करना है। यह आमजन के लिए पर्यावरण के प्रति अपने समर्पण एवं भवानाओं की अभिव्यक्ति का भी एक सुअवसर है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए आमजन से उन्होनें अपील की है कि उपरोक्त कार्यक्रमों में अधिकाधिक संख्या में पुरूष, महिलाएं तथा बच्चे सम्मिलित होकर सम्पूर्ण आयोजनों को सफल एवं प्रभावी बनाने में सहयोग प्रदान करें।

दिनांक 3 जून 2014

(डॉ डी.एन.पाण्डेय)
सदस्य सचिव

श्रीमान प्रमुख सम्पादक महोदय,

....

....